पत्रलेखन प्रारूप (प्रार्थना पत्र- प्रधानाचार्य को)

1- स्थानातंरण एवं चरित्र प्रमाण-पत्र (Character Certificat) प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र।

परीक्षा भवन
क०ख०ग० विदयालय
ग्वालियर।
दिनांक- 6 दिसंबर, 2018

सेवा में
प्रधानाचार्य जी
क०ख०ग० विदयालय
ग्वालियर।

विषय- स्थानातंरण एवं चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

मान्यवर
सविनय निवेदन है कि मैंने इस वर्ष आपके विदयालय से दसवीं कक्षा पास की है। अब मरे पिता जी का स्थानातंरण जयपुर हो गया है; अतः मुझे ग्यारहवीं कक्षा में जयपुर में प्रवेश लेना है। इसके लिए मुझे स्थानातंरण एवं चरित्र (character certificat) प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। कृपया आप शीघ्रातिशीघ्र स्थानातंरण एवं चरित्र प्रमाण-पत्र देने का कष्ट करें, ताकि मैं समय रहत जयपुर के विदयालय में प्रवेश ले सकूं।
सधन्यवाद।

आपकी/आपका आज्ञाकारी शिष्या/शिष्य
क०ख०ग०
कक्षा